हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025


तापमान
अधिकतम 35 .2 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री


11 मूलभूत सुविधाओं व सफाई व्यवस्था को लेकर...





11 नशे की लत से दूर रहकर शिक्षा और अन्य...




**खबर संक्षेप**

### अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने 12 बोतल अवैध देशी शराब के साथ घिराय निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सदर थाना पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान चानौत से खरकड़ी रोड़ पर एक व्यक्ति की शक के आधार पर ली गई तलाशी के दौरान अवैध देसी शराब की 12 बोतल बरामद हुई।

### अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** पीओ स्टाफ व शहर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में उद्धघोषित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान इंद्रा कालोनी हांसी निवासी सुनील व जगदीश कालोनी हांसी निवासी प्रदीप के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी प्रदीप को अदालत ने चैक बाउंस व सुनील को धोखाधड़ी के मामले में उद्धघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ढाणी कुम्हारान निवासी सुनील के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पकड़े आरोपी ने 24 मार्च की रात को लोहारी राघो निवासी अनिल के मकान से मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को मोटरसाइकिल सहित नारनौंद से गिरफ्तार कर लिया। और चुराई गई मोटरसाइकिल को बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## महाराजा अग्रसेन की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे

# गृहमंत्री अमित शाह 31 को आएंगे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज, तैयारी जारी

- अमित शाह के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा
- मंडलायुक्त ए.श्रीनिवास, एडीजीपी डॉ. एम रवि किरण, एडीसी सी जयाश्रद्घा तथा एसपी शशांक कुमार सावन ने दिए खास निर्देश

हरभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का दौरा करते प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 31 मार्च को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में आएंगे। इस दौरान वे महाराजा अग्रसेन की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण और नए विस्तारित आईसीयू का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही अमित शाह मेडिकल कॉलेज के पीजी स्टूडेंटस के लिए छात्रावास के भवन का भी शिलान्यास करेंगे। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री शाह के प्रस्तावित हिसार दौरे के मद्देनजर तैयारियों को अंतिम रूप दिया देने में लगा है। गुरुवार को अग्रोहा पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। मंडलायुक्त ए.श्रीनिवास, एडीजीपी डॉ एम रवि किरण, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तैयारियों की समीक्षा की। मंडलायुक्त ए.श्रीनिवास ने इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा तथा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन से अब तक हुई तैयारियों के बारे में रिपोर्ट ली। उन्होंने इस बीच गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में रुकने से लेकर उनके रूट प्लान के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

एडीजीपी डॉ एम रवि किरण ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मौजूद पुलिस अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स का निरीक्षण कर वहां की तैयारियों की जानकारी ली और सुरक्षा इंतजामों को और पुख्ता करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा ने बताया कि गृह मंत्री के इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क है और सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए व्यापक योजना बनाई गई है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, उन्होंने तमाम अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रबंध समय रहते पूरे कर लिए जाने चाहिए।

### फाइबर ग्लास व माइल्ड स्टील से बनी प्रतिमा

*महाराजा अग्रसेन की 21 फीट ऊंची फाइबर ग्लास व माइल्ड स्टील की प्रतिमा बनाई गई है। प्रतिमा पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च आया है। हिसार क्षेत्र में यह महाराजा अग्रसेन की सबसे बड़ी व सबसे वजनी प्रतिमा होगी। बताया जा रहा है कि महाराजा अग्रसेन की देश की पहली ऐसी प्रतिमा है, जिसमें महाराजा अग्रसेन को खड़े हुए दिखाया गया है। अन्य प्रतिमाओं में महाराज अग्रसेन को बैठे हुए की मुद्रा में दिखाया गया है। प्रतिमा के नीचे करीब 10 फीट का प्लेटफार्म भी बनाया गया है।*

## इंश्योरेंस क्लेम के लिए चोरी करवाई अपनी ही ऑडी गाड़ी

हरभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने आधार अस्पताल के पास से ऑडी गाड़ी चोरी के मामले में एक आरोपी सेक्टर 14 हिसार निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच जारी है। स्पेशल स्टाफ प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि आईसीआईसीआई लम्बोर्ड की सोनल शाखा में मैनेजर के तौर पर तैनात दुर्जनपुर निवासी मंगतराम ने 15 मार्च को आधार अस्पताल के पास से ऑडी गाड़ी चोरी के बारे शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि वह 15 मार्च को आधार अस्पताल इलाज के लिए आया था और उसने अपनी ऑडी गाड़ी अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो उसे वहां गाड़ी नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपी सेक्टर 14 हिसार निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि गाड़ी चोरी के मामले में की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गाड़ी मालिक मंगतराम ने अपनी गाड़ी खुद ही इंश्योरेंस के पैसे हड़पने के लिए चोरी करवाई थी। गाड़ी उक्त आरोपी राहुल ने आधार अस्पताल के पास से चोरी की थी। मामले में आगामी जांच जारी है। आरोपी राहुल को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## जमीन में हिस्सेदारी के नाम पर युवक से 90 लाख ठगे

हरभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रॉपर्टी में हिस्सा डालने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। क्राइम ब्रांच को मिली एक शिकायत में जमीन खरीद में हिस्सा डालने को लेकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में हिसार के रहने वाले रवि कुमार ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। एक दिन उसकी हिसार जिले के गांव चिकनवास निवासी संदीप मलिक से हुई। संदीप ने रवि को बताया कि उसने चिकनवास टोल प्लाजा के पास जमीन बेची हुई है और वह अपने पिता के रुपये को जमीन खरीद में इन्वेस्ट करना चाहता है। दोनों ने आपसी बातचीत में यह तय किया कि वह आसपास कोई प्रॉपर्टी लेंगे, जिसमें आपसी हिस्सेदारी करेंगे।

जिसके बाद मैंने रवि के साथ मिलकर बीड़ गांव में 35 कैनाल का जमीन का सौदा किया और मैंने रवि को 45 लाख रुपये दिए और जमीन का बयाना लिखवा दिया। उसके बाद रवि ने अक्टूबर 2024 में 45 लाख अलग अलग खातों से संदीप के खाते में डलवा दिए। रवि कुमार का आरोप है कि खाते में पैसे डलवाने के बाद संदीप मलिक ने उसके फोन उठाना बंद कर दिए। रवि ने बताया कि उसे किसी अन्य व्यक्ति से पता चला कि उसने जिस जमीन को संदीप के साथ मिलकर खरीदा था और जिसे वह अपनी जमीन मान रहा है। उस जमीन संदीप ने आगे बेच दिया है और वह उसकी जल्दी ही रजिस्ट्री करवाने वाला है।

## दहेज के लिए दो महिलाओं से मारपीट, पति सहित अन्य पर मामले दर्ज

**हांसी।** दहेज को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट करने व उन्हें घर से निकालने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। महिला पुलिस थाना में दोनों विवाहिता की शिकायत के आधार पर पति व परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दयाल सिंह कॉलोनी निवासी सोनिया ने अपने पति पर दहेज में फार्च्यूनर गाड़ी के लिए मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला की शादी 2019 में जींद के गांव निडानी निवासी मनोज के साथ हुई थी। और मेरी शादी में मेरे पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज और टियागो कार भी दी। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति ने टियागो कार को छोटी कार बताते हुए उससे फॉर्च्यूनर कार लेकर आने की मांग शुरू कर दी। और जब उसने परिवार की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए फॉर्च्यूनर कार लाने से मना किया तो उसके पति ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। पीड़िता ने अपने पति मनोज, सास कृष्णा और ननद किरण के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। वहीं दूसरे मामले में हांसी के गांव सिंघवा निवासी प्रीति ने अपने ससुराल वालों पर दहेज और मारपीट का मामला दर्ज कराया है। महिला की शादी 2024 में जींद जिले के गांव जाजन वाला निवासी अमित के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज में दिए गए सोने पर गोल्ड लोन करवा लिया और लोन में मिली पूरी रकम को उसकी ननद अपने घर ले गई। इसके बाद उससे और दहेज व गाड़ी की मांग की गई। और जब उसने गाड़ी और रुपए लाने से मना कर दिया तो उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया।

### सरकारी नौकरी वाला पति मांग रहा फॉर्च्यूनर, ससुराल वालों ने विवाहिता के गहनों पर लिया लोन





For marriages crafted by you

TANISHQ
PRESENTS
RIVAAH
WEDDING JEWELLERY



FESTIVAL OF EXCHANGE
MAKE THE SMART CHOICE

20% तक की छूट*
गोल्ड ज्वेलरी के बनवाई शुल्क और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर

To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

शोरूम :- पीएलए मार्किट के सामने, रिलायंस फ्रैश के पास, दिल्ली रोड, हिसार, टेली. 1800 890 6026

## खबर संक्षेप

### मुख कैंसर और नशे के दुष्प्रभाव पर व्याख्यान

**मंडी आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी में गुरुवार को मुख कैंसर और नशे के दुष्प्रभाव के विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष राकेश शर्मा और धाकड़ स्कीम के नोडल ऑफिसर ओपी शर्मा के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल से आईं डॉ. अनुराधा ने मुख कैंसर के कारण, इसके निदान एवं नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कुलबीर सिंह अहलावत ने कहा कि छात्रों के हित में हर माह ऐसे जागरूकता व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

### पिता की डांट से गुस्साए छात्र ने छोड़ा घर

**हांसी।** पिता द्वारा घर पर रखने के लिए दिए गए रुपयों को खर्च करने पर लगाई गई डांट से गुस्साए कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र का घर से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने लापता छात्र के पिता कुंभा निवासी अशोक की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि वह गांव में खेती-बाड़ी का काम करता है और उसके दो लड़के हैं। उसका बड़ा लड़का आशीष बीए सेकेंड ईयर में पढ़ता है लेकिन वह 13 मार्च से ही घर से लापता है। उन्होंने बताया कि उसने आशीष को कुछ दिन पहले रखने के लिए रुपये दिए थे और जब मैंने उससे वह रुपये वापस मांगे, तो आशीष ने वह रुपये नहीं लौटाए। आशीष ने कहा कि उसने वह रुपये अपने किसी दोस्त को दे दिए हैं। बिना पुछे दोस्त को रुपये देने पर मैंने आशीष को धमका दिया जिससे नाराज होकर वह घर छोड़ कर चला गया।

अशोक ने बताया कि घर से जाने के चार दिन बाद आशीष ने घर पर फोन करके कहा कि वह जहां भी है, ठीक है और अभी वह घर वापस नहीं आ रहा। लेकिन उसके बाद से लगातार उसका फोन बंद आ रहा है। बताया कि अपने स्तर पर आशीष को काफी जगह तलाश कर लिया लेकिन सुराग नहीं मिला।

### नगराधीश ने बैंकिंग सुविधाओं की समीक्षा की

**फतेहाबाद।** नगराधीश गौरव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित डीएलआरसी की बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों, नाबार्ड और अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिला के बैंकों द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत दी जा रही ऋण सुविधाओं व वित्तीय समावेशन तहत बैंकों की प्रगति की समीक्षा की गई।


### पदभार संभालने के बाद मेयर प्रवीण पोपली ने ली बैठक

# शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर मेयर ने किया मंथन

शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिए अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पदभार संभालने के बाद पहली बार मेयर प्रवीण पोपली ने नगर निगम के मुख्य सभागार में शहर की मूलभूत सुविधाओं और सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग की। उन्होंने लेखा शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की और चले रहे वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा की जानकारी हासिल की। इसके बाद शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर मेयर ने सफाई शाखा से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ भी विचार-विमर्श किया। मेयर ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने करने के लिए कार्य करें। शहरवासियों की ओर से आने वाली सफाई सम्बन्धित समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करें। मेयर ने स्वच्छता को लेकर सुझाव व निर्देश दिए। इस अवसर पर निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, उप-निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन अमित कौशिक, एक्सईएन संदीप धुंधवाल, एक्सईएन संदीप सिहाग, एमई सुनील लांबा, एमई कर्मपाल सिंधू, एई सुमित कुमार, सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा, एसओ राधेश्याम, अकाउंटेंट अन्शु, सीएसआई राजकुमार सहित एएसआई मौजूद रहें।


हिसार। नगर निगम अधिकारियों के साथ चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली।


हिसार। मेयर प्रवीण पोपली का अभिनंदन करते यूनियन के पदाधिकारी।

## निगम में आने वालों से अच्छा व्यवहार करें अफसर : पोपली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के द्वारा नव निर्वाचित मेयर प्रवीण पोपली से अभिनंदन किया। अभिनंदन के दौरान इकाई प्रधान सुरेन्द्र ने मेयर को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान सुरेन्द्र ने कहा कि हमारी जब भी आपको जरूरत होगी, हम तैयार है, हम ये अपेक्षा करते हैं आप भी हमारे लिए तैयार रहेंगे। इस अवसर पर उप-प्रधान धर्मपाल ने शाल भेंट करके मेयर का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मेयर पोपली ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र मेरा बड़ा परिवार हैं। मेयर ने कहा कि नगर निगम में आने वालों से अच्छा व्यवहार करें तथा उनकी समस्याओं को निदान करें। अच्छे वातावरण बनाकर मेरे तथा सभी पार्षदों के साथ मिलकर कार्य करें और मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि जहां भी आपको मेरी जरूरत होगी में आपके साथ खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर उप-प्रधान कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, सचिव अनिल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र, वीरेन्द्र, पीरबक्श आदि रहे।

### सब्जी विक्रेता की जेब से नकदी चुराने वाला काबू

**हिसार।** नई सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने सब्जी विक्रेता की जेब से नकदी चुराने के मामले में आरोपी मध्यप्रदेश के भोपाल निवासी लक्की उर्फ चांद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उससे 10 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। जांच अधिकारी एएसआई चरणजीत सिंह ने बताया कि इस संबंध में नई सब्जी मंडी चौकी में 8 मार्च को सब्जी विक्रेता डोभी निवासी सुरेश ने उसकी जेब से 40 हजार रुपये चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह सब्जी लेने नई सब्जी मंडी आया था और 24 नंबर दुकान के सामने सब्जी की खरीददारी कर रहा था कि एक युवक उसके पास आया और जेब से 40 हजार रुपये चुरा कर ले गया। पुलिस ने दी गई शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा धनराशि में से 10 हजार रुपये बरामद किए है। जांच में उसने आया कि आरोपी ने जेब तराशी की एक वारदात सिरसा में भी की है।

## होली चाइल्ड स्कूल में महिला खेल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आईआईएस एक्स हेल्थियम द्वारा महिला खेल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने कहा कि होली चाइल्ड स्कूल ने हिसार में खेल परंपरा की शानदार शुरुआत की थी और आज भी उसे बनाए हुए है। उन्होंने आईआईएस एक्स हेल्थियम द्वारा खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भी महिला खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत पहलवान रजनीता और अंजलि की सराहना की। हेल्थियम मेडटेक लिमिटेड के सहयोग से इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा छात्राओं, विशेष रूप से लड़कियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता पहलवान रजनीता और अंजलि ने अपने खेल अनुभव साझा किए।


हिसार। होली चाइल्ड स्कूल में महिला खेल जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्र।

### बाल भवन का दीक्षांत समारोह एवं वार्षिक

**हिसार।** जिले के बाल भवन का दीक्षांत समारोह एवं वार्षिक उत्सव 28 मार्च को प्रातः 10:30 बजे बाल भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह होंगे, जबकि अध्यक्षता आकाशवाणी केंद्र, हिसार के निदेशक पवन कुमार करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीए राकेश दुग्गल, नरेश कुमार, एडवोकेट मनोज कुश, बजरंग इंदल, दयानंद महाविद्यालय हिसार के इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र कुमार और बाल भवन की आजीवन सदस्या डॉ. कुलदीप सत्यवती उपस्थित रहेंगे।

## लापरवाही के कारण होते हैं सड़क हादसेः बिजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण मे महाविद्यालय प्राचार्य दलबीर सिंह के संरक्षण में यातायात व्याख्या केंद्र व यातायात पुलिस हिसार के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा को लेकर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमे मुख्य वक्ता असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक पुलिस हिसार बिजेंद्र सिंह रहें। प्राचार्य दलबीर सिंह और प्रभारी पंकज रहेजा व आशीष कुमार ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुछ देकर स्वागत किया। बिजेंद्र सिंह ने सड़कों पर प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी लापरवाही से ही ज्यादा सड़क दुर्घटना घटती हैं। सड़क दुर्घटना पीड़ति परिवार के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आती है। उन्होंने कहा कि हमारी थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओ से हल्मेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने,तेज गति से वाहन न चलाने, निर्धारित सवारी ही बैठाने आदि के बारे मे बताया। इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमो के पालन की शपथ भी दिलाई गई।


हिसार। मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते प्राचार्य, कार्यक्रम प्रभारी व अन्य।


हांसी। रक्तदानी ओमकुमार गर्ग को सम्मानित करते आईएसबीटीआई के सदस्य।

### 155 बार रक्तदान करने पर डॉ. गर्ग का सममान

**हांसी।** त्रिवेणी कला संगम, हांसी के प्रधान, रेडक्रॉस सोसाइटी हिसार के सरपरस्त डॉ. ओम कुमार गर्ग को आईएसबीटीआई (इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एण्ड ईम्यूनोहेमेटालोजी) द्वारा गुरुवार को 155 बार रक्त दान करने पर गौरवमयी सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। यह संस्था पहले भी ओमकुमार को रक्त दान करने पर सम्मानित कर चुकी है और रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को समय समय पर सम्मानित करती रहती है यह सम्मान उनके मानव संरक्षण सहयोग के लिए दिया गया। यह सम्मान उनकी समाज सेवा और मानव कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान व अटूट समर्पण का प्रतीक है। त्रिवेणी कला संगम के सरपरस्त हनुमान सिंगला, उप- प्रधान डॉ रीना सोनी, सचिव सुभाष गोयल, सह-सचिव राजीव बंसल, प्रचार सचिव तेलूराम शर्मा, सह-प्रचार सचिव जोगेन्दर जांगड़ा , कोषाध्यक्ष संजय बंसल, सह- कोषाध्यक्ष सीमा सोनी, प्रबंधक पूनम अरोड़ा, सह-प्रबंधक मीनाक्षी मदान आदि द्वारा इस उपलब्धि पर डॉक्टर ओम कुमार गर्ग को बधाइयां दी।

### डिजाइन पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की ओर से 'कंप्यूटेशनल टूल्स इन ड्रग डिजाइन' विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ मॉलिक्युलर बायोसाइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ ग्राज, ऑस्ट्रिया के शोधकर्ता डॉ. अमित सिंह इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील शर्मा ने की। मुख्य वक्ता डॉ. अमित सिंह ने गुरुवार को ड्रग डिजाइनिंग प्रक्रिया में कंप्यूटेशनल टूल्स की भूमिका, उनके अनुप्रयोग और आधुनिक दवा अनुसंधान में उनकी बढ़ती महत्ता पर विस्तार से चर्चा की।

## नशे की लत से दूर रहकर शिक्षा पर ध्यान लगाएं युवा

### हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मेघालय के सेवानिवृत डीजीपी डॉ. एलआर बिश्नोई ने कहा है कि युवाओं को नशे की लत से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों पर ध्यान लगाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों का शारिरिक व मानसिक विकास होगा और वे अपने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकेंगे। किसी भी व्यक्ति, समाज व देश के विकास में नशे का सेवन बहुत बड़ा अवरोधक है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। डॉ. एलआर बिश्नोई हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर स्वयंसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की जबकि विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक श्रवण राम रहे। डॉ. एलआर बिश्नोई ने कहा कि मोबाइल फोन व इंटरनेट से साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहें हैं। इसलिए मोबाइल फोन और इंटरनेट पर अधिक समय ना बिताएं बल्कि अपने कैरियर पर ध्यान दें। काम्बोज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि हमारी संस्कृति, जीवन मूल्यों, विविधता और संस्कारों का प्रचार-प्रसार जन-जन तक पहुंचना चाहिए। समाज से समस्याओं और कुरीतियों को समाप्त करने के लिए हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए एनएसएस शिविर के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्वयंसेवक व स्वयंसेवकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ. एलआर बिश्नोई।

## महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एनएसएस शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की एन एस एस यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर का आरंभ कराटे प्रशिक्षक सारिका द्वारा सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की सेल्फ डिफेंस तकनीकों के बारे में प्रैक्टिकल करवाकर विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद एन एस एस स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया जिसके अंतर्गत उन्होंने महाविद्यालय में सफाई की व पौधों की क्यारियां बनाई। इस शिविर के माध्यम से एन एस एस प्रभारी ज्योति वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने गांव भिवानी रोहिल्ला में घर घर जाकर लोगों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जागरूक किया।


हिसार। पौधों के लिए क्यारियां तैयार करती स्वयंसेविकाएं।

## सातरोड में मिला दोमुंहा सांप, धांसू डियर पार्क में छोड़ा

- स्नेक मैन गौरव यादव ने उसे रेस्क्यू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सातरोड में बाइपास स्थित शनि मंदिर के पास एक मकान में रेड सैंड बोआ सांप मिला। स्नेक मैन गौरव यादव ने उसे रेस्क्यू किया। वाइल्ड लाइफ विभाग के इंस्पेक्टर दिनेश जांगड़ा की निगरानी में उसे धांसू के डियर पार्क में सुरक्षित छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार डायल 112 की टीम ने गौरव यादव को सूचना दी कि सातरोड बाइपास के पास मकान में दोमुंहा सांप घुसा है। गौरव तुरंत मौके पर पहुंचा और सांप को पकड़ लिया। रेस्क्यू किए गए सांप की लंबाई डेढ़ फुट है। गौरव यादव पिछले पांच साल से वाइल्ड लाइफ विभाग की मदद कर रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचता है और वन्यजीवों को सुरक्षित बचाता है। उसने बताया कि यह सांप जहरीला नहीं होता और बहुत शांत स्वभाव का होता है। वाइल्ड लाइफ इंस्पेक्टर दिनेश जांगड़ा ने बताया कि सातरोड में रेड सैंड बोआ की जानकारी मिली थी। उन्होंने तुरंत गौरव यादव को मौके पर भेजा। गौरव ने सांप को सुरक्षित पकड़कर डियर पार्क में छोड़ दिया।


हिसार। दोमुंहा सांप के साथ स्नेक मैन गौरव यादव। *फोटो : हरिभूमि*

**कवायद** यह पहल ड्रग-फ्री हरियाणा के उद्देश्य को साकार करने में अहम साबित होगी

## एडीसी ने अधिकारियों को दिया 25 हजार प्रतिभागियों के पंजीकरण का टारगेट

बैठक में एडीसीसी जयाश्रद्धा ने प्रशासन का मुख्य फोकस रजिस्ट्रेशन पर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइक्लोथॉन 2.0 के लिए जिले में 25 हजार पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह पहल ड्रग-फ्री हरियाणा के उद्देश्य को साकार करने और नशा मुक्ति के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने गुरुवार को जिले में साइक्लोथॉन 2.0 कार्यक्रम के आयोजन बारे अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशासन का मुख्य फोकस रजिस्ट्रेशन, तैयारी और कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर रहेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साइक्लोथॉन के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साइक्लोथॉन 2.0 का आयोजन 5 से 27 अप्रैल तक किया जाएगा, जिसकी शुरुआत हिसार से होगी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम हांसी राजेश खोथ ने सभी विभागों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग और समन्वय बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बैनीवाल, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगर निगम संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, रोडवेज जीएम डॉ. मंगल सेन, डीएसपी कमलजीत, डीएसपी सुनील कुमार, डीएसपी रविंद्र सांगवान, सीटीएम हरिराम, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, उप-सिविल सर्जन डॉ. सुभाष खतरेजा, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीईओ प्रदीप सिंह नरवाल, डीएसओ नरेश कुमार, डीईईओ निर्मल दहिया, एसएमओ डॉ. तरुण आदि उपस्थित रहे।


हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा।


हिसार। एमओयू का आदान-प्रदान करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व प्रबंध निदेशक डॉ. अरुण पिलानी। *फोटो : हरिभूमि*

### गुजवि व कारस लैबोरेटरीज के बीच हुआ एमओयू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा कारस लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, करनाल के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। गुजवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने और कारस लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, करनाल की ओर से प्रबंध निदेशक डॉ. अरुण पिलानी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। गुजवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह, कारस लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, करनाल के आर एंड डी हेड डॉ. सुनील शुक्ला व शिपरा शुक्ला ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रो. सुमित्रा सिंह, प्रो. सुनील शर्मा व प्रो. अर्चना कपूर भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरुवार को कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए लाभकारी होगा। इस एमओयू के माध्यम से गुजवि व कारस लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, करनाल के बीच सहयोग और सहभागिता कौशल विकास, परिणाम-आधारित प्रशिक्षण प्लेसमेंट, अनुसंधान एवं विकास सेवाओं और संबंधित सेवाओं के लिए शिक्षा और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देंगे।

फोटो 27 एचएसआर 1: हिसार : एमओयू का आदान-प्रदान करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व प्रबंध निदेशक डॉ. अरुण पिलानी।

### दुर्लभ सत्संग का भव्य समापन

**सिरसा।** श्री गीता प्रचार समिति की ओर से आयोजित किए जा रहे दुर्लभ सत्संग के अंतिम दिन स्वामी विजयानंद ने बताया कि भगवान की कथा में संसार क्या है, भगवान से मिलना ही सांसारिक विधि है। मनुष्य के चाहने से कुछ नहीं होता, भगवान वही करेंगे जो मनुष्य के हितकर होगा। लाभ-हानि मनुष्य के हाथ में कुछ नहीं है। जीना-मरना सब भगवान के हाथ में है। शास्त्रों के अनुसार भगवान जिस परिस्थिति में रखते हैं।

**सूचना**

मैं, दीपक पुत्र श्याम लाल निवासी मकान नंबर 458, जहाजपुल चौंक, नजदीक काली माता मन्दिर, हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अजय तथा मेरी पुत्रवधु करिश्मा मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

### महिला जूनियर व सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता 31 को

**हिसार।** गांव खरड़-अलीपुर में 31 मार्च को पहला महिला ऑल ओपन सीनियर व जूनियर सर्कल कबड्डी कप आयोजित किया जाएगा। महेश मास्टर ने बताया कि गांव के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में प्रतियोगिता होगी। जिसमें हरियाणा व पंजाब के सभी सुपर स्टार कबड्डी खिलाड़ी भाग लेंगी। हरियाणा में पहली जूनियर महिला वर्ग के लिए भी कबड्डी प्रतियोगिता होगी। मुख्य कोच अजय कोच बड़सी व कमेंटेटर सुरेश दलाल मालवी होंगे। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### रेखा मामले में मंत्री के निवास का घेराव आज

**हिसार।** दलित संगठनों ने पुलिस उत्पीड़न के शिकार हुई रेखा जाटव को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन तेज कर दिया है। आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर भीम आर्मी ने अस्पताल में प्रदर्शन कर न्याय की मांग की। पीड़िता रेखा जाटव जो घरों में सफाई का काम करती हैं पर एक मकान मालिक द्वारा चोरी का झूठा आरोप व पुलिस द्वारा थर्ड डिग्री टॉर्चर करने का आरोप लगाया। जिसके विरोध में दलित संगठन मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे तथा आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

### मां संतोषी आश्रम में चैत्र नवरात्र महोत्सव 30 से

**हिसार।** मॉडल टाउन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में मुख्य मंदिर मां भगवती का है। इसलिए आश्रम में नवरात्र महोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास व विधि विधान से मनाया जाता है। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र महोत्सव अति उत्साह के साथ 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाया जाएगा। आश्रम प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि इस शुभावसर पर हरिद्वार के वैदिक विद्वानों द्वारा प्रातः 8 बजे से हर रोज यजमानों से महामण्डलेश्वर संतोषी माता के सान्निध्य में पूजा करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सांय 4 बजे से पूज्य माता जी अपनी रसमयी वाणी से आध्यात्मिक प्रवचनों का रसपान करवाएंगी।

### सिद्धि विनायक मंदिर में कीर्तन व भंडारा 29 को

**हिसार।** प्रभु प्रेमी संघ की हिसार शाखा की ओर से शनिश्चरी अमावस्या के उपलक्ष्य में 29 मार्च को सायं 6:30 बजे पुष्पा कॉम्पलैक्स स्थित सिद्धि विनायक मंदिर एवं सिद्ध शनिदेव मंदिर में भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संघ के प्रवक्ता कैलाश गोयल ने बताया कि प्रातः 7:30 बजे से शनिदेव पर तेलाभिषेक शुरु होगा। दिन भर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम चलेगा। सायं 6 बजे आरती के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू होगा जो प्रभु इच्छा तक चलेगा। अनेक गायकार शनिदेव का गुणगान करेंगे। भजनों के कार्यक्रम के साथ ही भंडारा चलाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि होंगी। नगर पार्षद संजय डालमिया व जगमोहन मित्तल अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला होंगी।

# भाटला प्रकरणः सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई चलाने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

गांव भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित विशेष जांच टीम को संसाधन उपलब्ध न करवाने जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई चलाने व मुख्य सचिव को तलब करने की चेतावनी भी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ष 30 जनवरी को सुनवाई के दौरान भाटला प्रकरण में दर्ज मुक़दमों में पुन जांच के लिए गठित विशेष जांच टीम गठित करने के निर्देश दिए थे। टीम गठित हो गई लेकिन इस टीम को सरकार द्वारा सहयोग व संसाधन उपलब्ध ना करवाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश व जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच के समक्ष हाल ही में फिर सुनवाई हुई। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता रजत कल्सन ने गुरुवार को बताया कि सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की बेंच भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण के मामले में हरियाणा सरकार के नकारात्मक रवैए से नाराज नजर आई।

#### सरकार की मंशा ठीक नहीं

*हरियाणा सरकार के वकील को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेष जांच टीम के बार-बार अनुरोध का बावजूद हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव जांच टीम को जांच के लिए समुचित संसाधन व सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। बेंच ने कहा कि हरियाणा सरकार की मंशा इस मामले में टीम का सहयोग करने की नहीं लग रही है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार के वकील को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विशेष जांच टीम को भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण में जांच के लिए जरूरी संसाधन व सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराए गए तथा उसका सहयोग नहीं किया गया तो इसे अदालत की अवमानना समझा जाएगा तथा अदालत हरियाणा के मुख्य सचिव को अदालत में तलब करेगी और उनके खिलाफ और अवमानना की कार्रवाई चलाई जाएगी।*

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार



- जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने की मामले की सुनवाई, सरकार के नकारात्मक रवैए पर जताई अपनी नाराजगी।

#### फटकार के बाद दिया टीम के सहयोग का आश्वासन

सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद हरियाणा सरकार ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि विशेष जांच टीम को हर तरह का सहयोग दिया जाएगा तथा उन्हें जांच के संबंध में यात्राएं तथा ठहराव वगैरह के लिए समुचित संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

#### यह था भाटला प्रकरण का मामला

मामले के अनुसार वर्ष 2017 में गांव भाटला में नलके पर पानी भरने को लेकर स्वर्ण समुदाय के युवकों ने दलित समुदाय के युवकों को चोटें मारी थी तथा उन्हें जातिसूचक गालियां दी थी। इस मामले में दर्ज मुकदमे में समझौता न करने पर गांव के स्वर्ण समाज की भाईचारा कमेटी ने गांव के दलित समाज का मुनादी करवाकर सामाजिक बहिष्कार कर दिया था। इस मामले में सामाजिक बहिष्कार के चलते पीड़ितों ने गांव के स्वर्ण समुदाय के लोगों के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराए थे।

#### समझौते के लिए दबाव बनाने का आरोप

जिसमें पुलिस ने खुद पीड़ितों के ऊपर समझौते का दबाब बनाया तथा समझौते से इनकार करने पर पुलिस ने कानून की धज्जियां उड़ाते हुए एकतरफा आरोपियों के पक्ष में जांच की। यही नहीं पीड़ितों तथा उनके वकील रजत कलसन के ऊपर भी कई मुकदमे दर्ज कर दिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर कर पीड़ितों ने भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण में दर्ज सभी मुकदमो की सीबीआई जांच की मांग की थी तथा सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के दो पूर्व महानिदेशकों के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन कर मामले की पुनः जांच के आदेश दिए थे।

### एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# बरवाला में मातृ-शिशु मृत्यु दर अधिक स्वयं डाटा का विश्लेषण करें एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की हिदायत दी है। साथ उन्होंने समय पर टीकाकरण के लिए नियमित अभियान चलाने के भी निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने गुरुवार को पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर, मातृ-शिशु मृत्यु दर और नियमित टीकाकरण, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने मातृ-शिशु मृत्यु दर का विश्लेषण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में गंभीर जटिलताओं जैसे एक्लेम्पसिया और हेल्प सिंड्रोम के मामलों में रेफरल और प्रबंधन को और ज्यादा मजबूत किया जाए। एडीसी ने बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल को निर्देश दिए कि वे बरवाला क्षेत्र के डाटा का स्वयं विश्लेषण करें। बरवाला में मातृ-मृत्यु दर अधिक है। इसलिए यहां गत दिनों हुई मृत्यु के मामलों को पर्याप्त विश्लेषण किया जाए।



**हिसार।** समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा। *फोटो: हरिभूमि*

#### मई-जून में चलेगा स्टॉप डायरिया अभियान

बैठक में नोडल अधिकारी एसएमओ डॉ. तरुण ने बताया गया कि वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 27 हजार 52 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया है, जो राज्य लक्ष्य के अनुरूप है। जिले में नवजात मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को घटाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि मई-जून महीने में स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा, जिसमें बच्चों को ओआरएस और जिंक टेबलेट वितरित की जाएंगी। इस दौरान अभिभावकों को डायरिया से बचाव और उपचार के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

#### रेफरल ट्रैकिंग की होगी मॉनिटरिंग

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने निर्देश दिए कि गंभीर मामलों में रेफरल प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाया जाए। जिला स्तर पर हेल्थ टीम द्वारा रेफरल ट्रैकिंग की मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि मरीजों को उचित समय पर बेहतर इलाज मिल सके। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बैनीवाल, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगर निगम संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, उप-सिविल सर्जन डॉ. सुभाष खतरेजा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

- समय पर टीकाकरण के लिए नियमित अभियान चलाने के भी निर्देश

#### हिसार एयरपोर्ट पर जहाजों का ट्रायल आज से

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 अप्रैल को किए जाने के चलते गुरुवार को एलायंस एयर की टीम ट्रायल लेने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंच गई। टीम शुक्रवार से ट्रायल करेगी और यह ट्रायल 31 मार्च तक चलेगी। ट्रायल के दौरान एटीआर प्लेन एयरपोर्ट पर उतरेंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार ने विमानन कंपनी एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के साथ एमओयू पहले से ही किया हुआ है। ट्रायल के लिए अयोध्या, दिल्ली, अमृतसर, कुल्लू, अंबाला व जयपुर का रूट निर्धारित किया गया है। इसके लिए बकायदा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अनुमति प्रदान की है। बता दें कि हिसार एयरपोर्ट से पांच राज्यों के लिए उड़ानें शुरू होनी है। हिसार एयरपोर्ट पर दूसरे चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।

- ट्रॉयल के लिए वीरवार को हिसार के एयरपोर्ट पहुंची पर एलायंस की टीम
- 31 मार्च तक चलेगी शुक्रवार को शुरू होने वाली ट्रॉयल, तैयारियां पूरी

## नाबालिग को बंधक बना दुष्कर्म के दो दोषियों को 20-20 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- धमकी देने वाले तीसरे दोषी को सुनाई दो साल की कैद
- अदालत ने दोषियों को 1.08 लाख रुपये जुर्माना भी किया
- रात को दादा के लिए दवाई लेने नीचे गई थी 10 कक्षा की पीड़ित छात्रा
- घर में घुसे अमित व कपिल मुंह दबाकर जबरदस्ती ले गए थे कपिल की घर

अदालत ने घर में घुसकर नाबालिग लडक़ी को बहलाकर ले जाने, बंधक बनाने व दुष्कर्म करने के मामले में बरवाला क्षेत्र के अमित व कपिल को 20-20 साल की कैद और प्रत्येक को 1.08 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर उनको एक-एक साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अदालत ने जान से मारने की धमकी देने वाले तीसरे दोषी अमन को दो साल की कैद की सजा सुनाते हुए उसकी जमानत मंजूर कर ली। अदालत ने आरोपियों को चार दिन पहले दोषी करार दिया गया था।

#### 10वीं कक्षा में पढ़ती थी

मामले के अनुसार इस संबंध में बरवाला पुलिस ने 23 अगस्त 2020 को 6 पॉक्सो एक्ट और विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। अदालत में चले मामले के अनुसार घटना के बाद एक गांव की 16 साल 7 महीने की लडक़ी ने पुलिस को बयान देकर बताया था कि वह दसवीं कक्षा में पढ़ती है। उसने कहा था कि मैं बीती रात करीब 11 बजे घर में नीचे दादा की दवाई लेने गई थी। तभी पड़ोसी अमित व कपिल हमारे घर में घुस आए और उन्होंने मेरा मुंह दबा लिया।

वे दोनों मेरे को जबर्दस्ती कपिल के घर में ले गए। उन्होंने मेरे को एक कमरे में रोक लिया और धमकी देकर बोले कि अगर आवाज बाहर निकाली तो तेरे को जान से मार देंगे। उसके बाद कपिल बाहर निकलकर निगरानी करने लगा और अमित ने मेरे साथ दुष्कर्म किया।

#### रोने पर बनाया बंधक

पीड़िता ने कहा कि मैं रोने लगी तो कपिल कमरे में आया। तब अमित वहां से भाग गया। कपिल ने मेरे को कमरे में बंधक बनाए रखा। फिर गांव का अमन कमरे में आ गया। उन्होंने मेरे को अगली सुबह 10 बजे तक बंधक बनाए रखा। अमन ने धमकी देकर कहा कि अगर सारी बातें किसी को बताई तो तुझे जान से मार देंगे। इतनी देर में मेरा मामा ढूंढते हुए वहां आया तो वे दोनों युवक फरार हो गए। बरवाला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर पीड़िता की मेडिकल जांच कराई थी। बाद में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामला तभी से अदालत में विचाराधीन थी तथा सुनवाई के बाद सजा सुनाई।

## पड़ोसी देशों से संबंधों पर की चर्चा

- शील्ड गुरु गोरख नाथ कॉलेज में कार्यक्रम, ऑफ स्टील बनाकर सामना कर सकता भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु गोरख नाथ जी राजकीय महाविद्यालय के रक्षा विभाग में भारत में बदलता भू-राजनीतिक परिदृश्य के मुद्दे पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. आलोक प्रताप रहे। कॉलेज में पहुंचे पर उप प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सेवदा, विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहलता व प्रो. आजाद ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। व्याख्यान में डॉ. आलोक ने हमारे पड़ोसी देशों के साथ हमारे क्या क्या संबंध और चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। भारत इन चुनौतियों का सामना कैसे कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारत शील्ड ऑफ स्टील बनाकर इन का सामना कर सकता हैं। इस अवसर पर रक्षा अध्ययन के विभाग अध्यक्ष डॉ. स्नेह लता ने बताया कि भारत ने भू-राजनीतिक क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख भागीदार के रूप मे अपनी पहचान स्थापित की है।



**हिसार।** व्याख्यान में विचार रखते मुख्य वक्ता डॉ. आलोक। *फोटो: हरिभूमि*

### 400 विद्यार्थियों को 42 कंपनियों में मिली जॉब

**हिसार।** गुरू दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में विभिन्न शाखाओं में प्लेसमेंट की दर में तेजी से वृद्धि हुई है। वर्धमान टैक्सटाइल, लुधियाना, साही एक्सपोर्ट कर्नाटका, सीएमआर ग्रीन, पलवल, जीबीटीएल भिवानी, एसकोर्ट कुबोटा फरीदाबाद, हाईटैक नेक्सट कोलकता, पारस डायरी दिल्ली, डैकिन एयर कंडिशन नीमराना, स्पारक मिंडा ग्रुप नोएडा, एनरिच एग्रो कोका कोला रोहतक तथा जेएसएल हिसार प्रमुख हैं। टीपीओ डॉ. मुकेश बंसल ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 400 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में टेस्ट व साक्षात्कार के माध्यम से हो चुका है तथा इस वर्ष कुल 42 कंपनियों ने संस्थान के विद्यार्थियों के लिए चयन प्रक्रिया में आयोजित की है।

## कार्यशाला में चित्रकला का अभ्यास

- गुरु गोरखनाथ कॉलेज में लिप्पन, धागा व भित्ति चित्रकला कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय महाविद्यालय में गुरुवार को गृह विज्ञान विभाग व ललित कला क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में अशोक पेन्सिल आर्ट टीम द्वारा प्रतिभागियों को लिप्पन कला, धागा चित्र व भित्ति चित्रकला का अभ्यास करवाया गया।

कार्यशाला में बीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने सबका उत्साहवर्धन किया। अन्त में सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यशाला के आयोजन में डा.पंकज गिल व डॉ. किरन साईं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. मीनू, डॉ. मेनका, डॉ. नेहा व कौशल इत्यादि मौजूद रहे।



**हिसार।** कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय और वैश्य कॉलेज में एमओयू

- दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों को सहयोग से होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय और वैश्य कॉलेज, भिवानी ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू किया गया हैं। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के छात्रों और शिक्षकों के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान के अवसरों को विस्तारित करना है।

इस अवसर विश्वविद्यालय चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ. पुनम गोयल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ये काफी हर्ष का विषय है कि वैश्य कॉलेज के साथ एमओयू प्रमाण पत्र से विद्यार्थियों के भविष्य को पहचान मिलेगी। इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से शैक्षणिक गतिविधियां, सेमिनार, अनुसंधान परियोजना, पाठयक्रम का आदान-प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ .एन.पी. कौशिक व प्रति कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने इस समझौते को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विश्वविद्यालय करिकुलम के विभागाध्यक्ष डॉ महेंद्र पुनिया ने वैश कॉलेज से आए हुए शिक्षकों का धन्यवाद किया। वैश्य कॉलेज, भिवानी से आए हुए शिक्षक डॉ मनीष कुमार व शिक्षक पवन कुमार ने कहा कि यह छात्रों और शिक्षकों के लिए नए अवसर प्रदान करेगा।



**हिसार।** एमओयू के मौके पर दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि। *फोटो: हरिभूमि*

### गुजवि में पहली बार विद्यार्थियों के बनाए फोटोग्राफ की प्रदर्शनी

# फोटोग्राफी अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के फोटोग्राफी क्लब 'प्रतिबिंब' के सौजन्य से दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में लगाई गई इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय की हरियाली, लैंडस्केप, फूल-पौधों, इमारतों तथा जीव-जंतुओं से जुड़े सुबह, शाम, दोपहर व किसी भी समय लिए गए छायाचित्रों को शामिल किया गया है।

इस प्रदर्शनी-कम-प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ-साथ शौकिया व प्रोफेशनल फोटोग्राफर भी भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय में लगाई गई यह अब तक की पहली फोटो प्रदर्शनी-कम-प्रतियोगिता है। इस शानदार फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. योगेश चाबा, कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर व कुलपति के तकनीकी सलाहकार एचआरएम प्रो. संदीप राणा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फोटोग्राफी क्लब 'प्रतिबिंब' के सलाहकार प्रो. संजीव कुमार ने की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि फोटोग्राफी केवल एक कला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम भी है।



**हिसार।** फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलसचिव डॉ. विजय कुमार और अन्य अधिकारी।

#### 100 से अधिक प्रविष्टियां 500 से अधिक फोटो

कार्यक्रम में फोटोग्राफी क्लब 'प्रतिबिंब' के मेंटर डॉ. मिहिर रंजन पात्रा और 'प्रतिबिंब' के सलाहकार प्रो. संजीव कुमार की विशेष भूमिका रही। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 100 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई और 500 से अधिक फोटो प्रस्तुत किए गए।

#### फोटो में इन विषयों पर उजागर की अभिव्यक्ति

प्रतियोगिता में फोटोग्राफी की विविध श्रेणियों को शामिल किया गया, जिनमें प्रकृति, वास्तुकला, भावनात्मक अभिव्यक्ति, दैनिक जीवन और अन्य विषय प्रमुख रहे। पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को होगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।